File No.20/1/2001-

फा. सं. 20/1/2001-हिंदी

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

****

अंसारी नगर, नई दिल्ली

दिनांक : 15.06.2023

कार्यालय ज्ञापन

....

विषय : हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) के निर्माण के संबंध में

उपर्युक्त विषय पर मंत्रालय के दिनांक 31.05.2023 के पत्र संख्या ई-12016/08/2023-रा.भा.(का-2) का अवलोकन करें, जिसकी प्रति इसके साथ संलग्न है।

परिषद मुख्यालय के सभी इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रक प्राधिकारी के अनुमोदन से उक्त भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना तैयार करके दिनांक 14.07.2023 को सायं 5 बजे तक ईमेल आईडी - **santosh.gupta89@nic.in** पर भेज सकते हैं तथा उसकी एक प्रति **meenakr.hq@icmr.gov.in or hindisection.icmr@gmail.com** पर भी भेजें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

भवदीय,

Digitally Signed by K R Meena
Date: 19-06-2023 12:15:09
Reason: Approved

(केश राज मीना)
सहा. निदेशक (रा.भा.)

प्रतिलिपि :

1. परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
2. बीएमआई - परिषद मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

फा.सं.-12016/08/2023-रा.भा.(का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली-110001,

दिनांक: 31.05.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय- हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2023 को पुणे स्थित "श्री शिव छत्रपति स्पोर्टस काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु तत्काल एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)'डिजाइन किया जाना है जिसके लिए अल्प समय में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी के अमृत महोत्सव की महत्ता, सम्मेलन का स्थल पुणे व महाराष्ट्र राज्य की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से **प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना तैयार करवा कर** दिनांक 14.07.2023, सांय 05 बजे तक ईमेल आईडी -santosh.gupta89@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** का प्रयोग दिनांक 14-15 सितम्बर 2023 को आयाजित होने वाले राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता के दस सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)

उप सचिव (का.)

प्रतिः-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।
3. सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।